**भारत सरकार**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय**
**भारी उद्योग विभाग**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1725**
**जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 24 जुलाई, 2014 को दिया जाना है**

**एचएमटी (बेरिंग्स) का पुनरुद्धार/पुनर्संरचना**

**1725. श्री पलवई गोवर्धन रेड्डी:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय ने एचएमटी (बेरिंग्स), हैदराबाद के पुनरुद्धार/पुनर्संरचना का कार्य शुरू किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान जारी की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है, पुनरुद्धार प्रक्रिया कब तक पूर्ण होगी?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री पोन्. राधाकृष्णन)**

**(क):** जी, हां। भारत सरकार ने नवम्बर, 2005 में एचएमटी बेयरिंग्स लिमिटेड के लिए ₹51.37 करोड़ का पुनरुद्धार पैकेज अनुमोदित किया जिसमें कैपेक्स के लिए ₹7.4 करोड़ का नकद निवेश, भारत सरकार के ऋण का परिवर्तन और इस पर ₹26.57 करोड़ के ब्याज का अधित्याग, ₹7.4 करोड़ के कैपेक्स के लिए ₹17.40 करोड़ का ऋण लेने के लिए भारत सरकार की गारंटी तथा ₹10 करोड़ की कार्यशील पूंजी तथा अनुकूल साझेदार अभिज्ञात करना शामिल है।

**(ख):** पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिए गए अनुसार है:

| वर्ष | कुल राशि | प्रयोजन |
|---|---|---|
| **2011-12** | **₹7.69 करोड़** | i) 01.10.2010 से 30.09.2011 तक की अवधि के लिए वेतन/मजदूरी के भुगतान के लिए ₹5.31 करोड़।<br>ii) 01.10.2010 से 30.09.2011 तक की अवधि के लिए सांविधिक देयताओं के भुगतान के लिए ₹2.38 करोड़। |
| **2012-13** | **₹33.78 करोड़** | i) 01.10.2011 से 30.09.2012 तक की अवधि के लिए वेतन/मजदूरी के भुगतान के लिए ₹3.12 करोड़।<br>ii) 01.10.2011 से 30.09.2012 तक की अवधि के लिए सांविधिक देयताओं के भुगतान के लिए ₹1.76 करोड़।<br>iii) बैंक ऋण (इस पर ब्याज सहित) के पुनर्भुगतान के लिए ₹28.90 करोड़। |
| **2013-14** | **₹3.80 करोड़** | i) 01.10.2012 से 31.08.2013 तक की अवधि के लिए वेतन/मजदूरी के भुगतान के लिए ₹2.48 करोड़।<br>ii) 01.10.2012 से 31.08.2013 तक की अवधि के लिए सांविधिक देयताओं के भुगतान के लिए ₹1.32 करोड़। |

कंपनी को निधियां पुनरुद्धार योजना के अनुसार जारी की गई थीं। अनुकूल साझेदार की पहचान अभी की जा रही है।

*****